पेज थ्री
देहरादून

सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत बच्चे को दवा खिलाते हुए।

देहरादून, रविवार 9 फरवरी, 2020





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ बड़ा हादसा होते–होते टला

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के उत्तरकाशी जाते समय आज प्रातः 10 बजे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। कल हुई बर्फबारी के कारण उनकी कार का सन्तुलन बिगड़ जाने के कारण कार मुख्य मार्ग से खाई की ओर मुड़ गई। बड़ी मुश्किल से कार चालक द्वारा पेड़ के माध्यम से कार को रोका गया। सुरक्षाकर्मी व स्थानीय विधायक गोपाल रावत ने अपनी गाड़ी में अध्यक्ष जी को सुरक्षित उत्तरकाशी तक पहुँचाया। जहाँ कार्यक्रम पूर्व के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हुआ।

### धारदार हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। वारदात की फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने बीती देर रात दो धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शातिर किस्म के बदमाश है जो पहले भी चोरी व अन्य मामलों में जेल की हवा खा चुके है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर रात शहर कोतवाली पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान जब पुलिस गांधी पार्क के पीछे सुभाष रोड पर पहुंची तो उसे वहां दो संदिग्ध घूमते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया।

### कांग्रेस नेता अपने जूतों को संभाल कर रखें

**(संवाददाता)** देहरादून। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी ओर से सेना को जूते भेजने के बयान पर तंज कसते हुए भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस नेता अपने जूतों को संभाल कर रखें, क्योंकि उनकी पार्टी में बंट रही जूतों में दाल के लिए ये काफी काम आएँगे। जहाँ तक सेना की आवश्यकताओं का सवाल है मोदी सरकार उसकी चिंता कर रही है।

# औली में नेशनल स्कीइंग एंड स्नोबोर्ड चैंम्पियनशिप का शुभारंभ

**आगाज**

8 से 10 फरवरी तक होगा नेशनल स्कीइंग एवं स्नोबार्ड चौम्पियनशिप का आयोजन

उत्तराखण्ड में एडवेंचर खेलों के लिए आपार संभावनाएं है: सीएम

**संवाददाता**

औली/देहरादून। दुनियाभर में स्कीइंग के लिए प्रसिद्व औली में नेशनल स्कीइंग एंड स्नोबोर्ड चौम्पियनशिप का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शनिवार को शानदार आगाज हो गया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने औली में 8 से 10 फरवरी तक आयोजित होने वाले नेशनल स्कीइंग एवं स्नोबार्ड चौम्पियनशिप का विधिवत् शुभारंभ किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज एवं बद्रीनाथ विधायक महेन्द्र भट्ट भी मौजूद रहे। नेशनल स्कीइंग के शुभारंभ पर सभी टीमों के खिलाडियों ने मार्चपास कर मुख्यमंत्री को सलामी भी दी।

मुख्यमंत्री ने स्कीइंग खेलों का शुभारंभ करते हुए सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनियां के खिलाडी इस सुरम्य स्थल पर आए इसके लिए औली में पूरी व्यवस्थाएं की गई है। उत्तराखण्ड में एडवेंचर खेलों के लिए आपार संभावनाएं है। एडवेंचर खेलों को बढावा देने के लिए उत्तराखण्ड में एडवेंचर विभाग स्थापित किया जाएगा और मार्च में उत्तराखंड में एडवेंचर समिट का आयोजन भी किया जाएगा। पर्यटन की दृष्टि से विगत तीन वर्षो में प्रदेश सरकार द्वारा नए पर्यटन स्थल विकसित किए गए हैं और राज्य की प्राकृतिक खूबसूरती और पर्यावरण का संरक्षण करते हुए पर्यटक स्थलों में आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को एडवेंचर खेलों में अच्छा प्रशिक्षण मिल सके इसके लिए बाहर से अच्छे प्रशिक्षकों की व्यवस्थाए भी की जा रही है, जिससे राज्य के बच्चे भी औलंपिक खेलों में प्रतिभाग कर मेडल हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि औलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए राज्य के खिलाडियों को तैयार करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हस्की स्नो वीटर से औली स्कीइंग स्लोप का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को विंटर डेस्टिनेशन बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत औली में आधुनिक संशाधन जुटाए जा रहे है तथा आने वाले समय में औली से गौरसों तक लिफ्ट की व्यवस्था भी की जाएगी।

विधायक महेन्द्र भट्ट ने कहा कि आज औली में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है लेकिन आने वाले समय में औली में विश्व स्तरीय स्कीइंग प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। पर्यटन सचिव दलीप जावलकर ने कहा कि औली को खेल प्रतियोगितायों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है और शीघ्र ही मास्टर प्लान के तहत औली में आधुनिक संशाधन जुटाए जा रही है।



औली में नेशनल स्कीइंग एंड स्नोबोर्ड चैंम्पियनशिप के शुभारंभ अवसर पर सीएम।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को हिम ज्योति स्कूल देहरादून में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिला कर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्ष लगभग 30 लाख बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई थी। इस वर्ष 10 फरवरी को लगभग 43 लाख बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें स्कूलों की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। देश के बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के माध्यम से प्रदेश भर के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन देशभर के सभी स्कूलों में आंगनवाड़ी में फरवरी माह में किया जाता है। किसके अंतर्गत सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में 1 से 19 साल के बच्चों को कृमि नियंत्रण के दवाई खिलाई जाती है। इससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर, पोषण के स्तर में बढ़ोतरी के साथ ही स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी हो सकेगी।

## सरोना में जल्द बनेगा इण्टर कॉलेज: मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। सहस्त्रधारा स्थित काली रो में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं मसूरी विधायक गणेश जोशी ने 907 लाख की लागत से निर्मित होने वाले दो पुलों का शिलान्यास किया। विश्व बैंक पोषित परियोजना एवं यूडीआरपी के सहयोग से निर्मित होनी वाली इस योजना में काली–रो नदी के ऊपर 688 लाख एवं मझाड़ा में 219.91 लाख की लागत से दो पुल बनेगें। इन दोनों पुलों के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य मार्च 2021 तक रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व बैंक पोषित योजनाओं के अर्न्तगत दो सेतुओं का निमार्ण कार्य प्रारम्भ होने से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के 14 गावों की लगभग 14 हजार आबादी के साथ–साथ धनोल्टी एवं उत्तरकाशी जाने वाले लोगों एवं पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलेगा।

# सहस्त्रधारा हैलीपैड से गौचर एवं चिन्यालीसौड़ हैली सेवा का शुभारंभ

**शुभारम्भ**

- मुख्यमंत्री ने किया हरी झंडी देकर रवाना

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को उड़ान योजना के अन्तर्गत सहस्त्रधारा हैलीपैड से गौचर एवं चिन्यालीसौड़ के लिए हैली सेवा का फ्लैग ऑफ कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हैली सेवा शुरू होने से दूरस्थ क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ पहुंचेगा। यह राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों में इमरजेंसी सेवाओं के समय यह सेवा बहुत ही लाभप्रद होगी। राज्य सरकार की कोशिश है कि और जनपदों को भी हैली सेवा के माध्यम से जोड़ा जाए। हैली सेवाओं के शुरू होने से राज्य के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए प्रदेश की हवाई पट्टियों को विकसित किये जाने की दिशा में कार्य चल रहा है। राज्य सरकार छोटे हवाई जहाज की सेवाओं को शुरू करने के लिए प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत, विधायक गणेश जोशी, मुन्नी देवी, सुरेन्द्र सिंह नेगी, मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, सचिव भारत सरकार प्रदीप सिंह खरोला एवं सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर भी उपस्थित रहे।



गौचर एवं चिन्यालीसौड़ हैली सेवा का शुभारंभ करते सीएम।




## मांगे पूरी करना केन्द्र की जिम्मेदारी है: मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को श्रीनगर के गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बिडला परिसर में आयोजित छात्र संघ समारोह के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उन्होंने छात्र संघ के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र संघ पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु स्टेडियम निर्माण, एनएसएस की सहायता राशि को बढ़ाकर करीब 50 लाख करने, समय–समय पर श्रीनगर में रोजगार मेला आदि संचालित करने आदि की मांग से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि केंद्रीय विश्वविद्यालय होने के नाते सभी मांगे पूरी करना केन्द्र की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने बच्चों की कुछ मांगों को राज्य सरकार द्वारा ही पूरा करने का आश्वासन दिया।

## वार्षिक खेल दिवसं मनाया

**संवाददाता** देहरादून। द पॉली किड्स के डालनवाला, राजपुर रोड, सालावाला और भंडारीबाग शाखाओं द्वारा वार्षिक खेल दिवस मनाया गया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।